मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-346
**16/10/2024**

# मुख्यमंत्री ने कटिहार जिला में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 16 अक्टूबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज कटिहार जिला अंतर्गत बरारी प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत स्थित भगवती मंदिर इंटर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 405.53 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों के 183 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इनमें 107.87 करोड़ रुपये की लागत से 52 योजनाओं का उद्घाटन एवं 297.66 करोड़ रुपये की लागत से 131 योजनाओं का शिलान्यास कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री ने गंगा/कोसी नदी के कटाव से विस्थापित एवं गरीब भूमिहीन परिवारों को दिए जानेवाले आवासीय भूमि का बंदोबस्ती पर्चा की सूची का डिजिटल माध्यम से एवं भौतिक रूप से पुस्तिका का विमोचन किया। कटिहार जिला के बरारी अंचल अंतर्गत 5279 तथा कुर्सेला अंचल के 353 विस्थापित एवं भूमिहीन गरीब परिवारों को आवासीय भूमि का बंदोबस्ती पर्चा का लाभ दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से गंगा/कोसी के कटाव से विस्थापित एवं भूमिहीन गरीब परिवारों के 10 लाभुकों को आवासीय भूमि का बंदोबस्ती पर्चा प्रदान किया। राज्य संपोषित मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के तहत आवास निर्माण हेतु वित्तीय सहायता, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, कृषि यांत्रिकरण योजना, जैविक कॉरिडोर योजना, मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा, कार्यक्रम के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किया। जीविका द्वारा संपोषित 996 स्वयं सहायता समूहों को 10.60 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, विभिन्न बैंकों द्वारा 17,702 स्वयं सहायता समूहों को 143.92 करोड़ रुपये की राशि का सांकेतिक चेक एवं सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 889 परिवारों को स्वरोजगार हेतु 3.87 करोड़ रुपये की राशि का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को प्रदान किया। इसके पूर्व बी0एम0 इंटर कॉलेज प्रांगण में जीविका, उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम संसाधन विभाग, जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र, कृषि विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदर्शित स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। आप सभी इतनी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। आज इस कार्यक्रम के माध्यम से कटिहार जिले के 5 हजार से भी ज्यादा कटाव पीड़ित विस्थापित एवं भूमिहीन गरीब परिवारों को आवासीय भूमि का बंदोबस्ती का पर्चा दिया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभ का वितरण लाभुकों के बीच किया जा रहा है। विभिन्न बैंकों द्वारा 150 करोड़ रुपये की राशि का वितरण स्वयं सहायता समूहों के बीच आज किया गया है। सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 900 परिवारों को अपना रोजगार शुरू करने के लिए करीब 4 करोड़ रुपये की राशि आज दी जा रही है। यह देखकर मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 400 करोड़ रुपये से अधिक कुल 183 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है। इससे लोगों को काफी फायदा मिलेगा। हम अनेक बार कटिहार जिले में जगह–जगह जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उसका तत्काल निदान करने की दिशा में काम करने हेतु अधिकारियों को निर्देश देते हैं। 6 दिसंबर 2022 को मनिहारी अनुमंडल के देवड़ा घाट को गंगा नदी के कटाव से हुए नुकसान को हम देखने आए थे। 5 जनवरी 2023 को समाधान यात्रा के क्रम में मैं यहां आकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुआ था। उस समय तक कोसी और गंगा नदी के कटाव से विस्थापित हुए परिवारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराने हेतु जमीन चिन्हित नहीं की गई थी लेकिन आज इस कार्यक्रम के माध्यम से विस्थापित एवं भूमिहीन गरीब परिवारों को आवासीय भूमि का बंदोबस्ती का पर्चा प्रदान कर मुझे बेहद सुखद अनुभूति हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के अगस्त महीने में भी आई बाढ़ से भी काफी लोग प्रभावित हुए, इन्हें सरकार की तरफ से हरसंभव मदद पहुंचाई गई। बाढ़ प्रभावित इलाकों में सामुदायिक किचन, पशुओं के लिए चारा आदि का प्रबंध किया गया। वर्ष 2005 से जब हमें काम करने का मौका मिला तब से हमलोग आपदा प्रभावित इलाकों में लोगों को मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। आपदा से जो भी नुकसान होता है उसका आकलन कराकर हर प्रकार की सहायता लोगों को दी जाती है। प्रारंभ से ही हम यह कहते रहे हैं कि राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। हमलोगों ने इस वर्ष हुए बाढ़ से नुकसान को देखते हुए साढ़े सात लाख से भी अधिक प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार 7 हजार रुपये की आर्थिक मदद से सीधे उनके बैंक खाता में भेजा है। अन्य प्रकार से भी प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाई जा रही है। हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बाढ़ से हुई फसल क्षति का जल्द से जल्द आकलन कर दीपावली के पहले फसल क्षति का मुआवजा किसानों को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि यहां की जरूरतों और लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए बरारी, कुर्सेला और समेली में नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थापित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। यहां के लोगों ने बताया है कि बरारी प्रखंड के देवड़ा घाट के नजदीक पुल की आवश्यकता है। इसके लिए भी हमने अधिकारियों को निर्देश दे दिया है। आज आपके बीच आकर मुझे बहुत खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा बिहार के हर क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यह हमलोगों का फर्ज है कि विकास कार्य इस प्रकार से किया जाए कि लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। वर्ष 2005 में जब हमने बिहार की कमान संभाली, उसके बाद ही वर्ष 2007 में 22 जिलों में आपदा से काफी नुकसान हुआ था। प्रभावित लोगों को हर प्रकार से मदद पहुंचाई गई। हमलोग हर प्रकार से बिना किसी भेदभाव के बिहार की तरक्की के लिए प्रारंभ से ही काम कर रहे हैं। वर्ष 2005 के पहले जिनको मौका मिला वे बिहार के विकास के लिए कोई काम नहीं किये। वर्ष 2004–05 में बिहार का बजट जहां करीब 24 हजार करोड़ रुपये था। वहीं अब बढ़कर 2 लाख 82 हजार करोड़ रुपये हो गया है। हमलोगों ने पूरे बिहार में बड़ी संख्या में विद्यालय भवन बनाया। महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक काम किए गए। बच्चे–बच्चियों को पढ़ाने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। दलित–महादलित, पिछड़ा–अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति, हिन्दू–मुस्लिम सहित सबके विकास के लिए निरंतर काम किए जा रहे हैं। वर्ष 2005 से पहले बिहार में हिन्दू–मुस्लिम विवाद की खबरें अक्सर मिलती थी। अब चारों तरफ शांति और सौहार्द्र का वातावरण है। हमारी सरकार सबके हित में काम करती है, यह उसी का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दो बार गलती से हमलोग उधर चले गये लेकिन अब यह गलती कभी दोबारा नहीं करेंगे। हम लोग पूरी मजबूती के साथ एकजुट रहकर बिहार की तरक्की

और जनता की भलाई के लिए काम करते रहेंगे। आप सभी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पुनः मैं आपका अभिनंदन करता हूं और आप सबके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

कार्यक्रम को जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सह बिहार जिला के प्रभारी मंत्री श्री नीरज कुमार बबलू, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, विधायक श्री तारकिशोर प्रसाद एवं विधायक श्री विजय सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री मनेश कुमार मीना, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने मुख्यमंत्री को पौधा, पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र तथा मखाना का माला पहनाकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं कटिहार जिला के प्रभारी मंत्री श्री नीरज कुमार बबलू, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, विधायक श्री तारकिशोर प्रसाद, विधायक श्री विजय सिंह, विधायक श्रीमती कविता देवी, विधायक श्रीमती निशा सिंह, विधायक श्री महबूब आलम, विधान पार्षद श्री अशोक कुमार अग्रवाल, पूर्व मंत्री श्री हेमराज सिंह, पूर्व सांसद श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी, पूर्व सांसद श्री अशफाक करीम, जदयू जिला अध्यक्ष श्री सूरज प्रकाश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मनोज राय, लोजपा (रामविलास) जिलाध्यक्ष श्रीमती संगीता देवी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल श्री संजय दूबे, पूर्णिया के पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश राठी, जिलाधिकारी श्री मनेश कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक श्री वैभव शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

*******